आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 20.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेशभर में अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- राज्य के कई जिलों में दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हो रहे हैं विशेष शिविरों के आयोजन।
- धौलपुर जिले में बाड़ी कस्बे के पास सड़क हादसे में 12 लोगों की मृत्यु–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे के शिकार लोगों के प्रति व्यक्त की संवेदना।
- प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश होने और ओले गिरने से बदला मौसम का मिज़ाज।

000

अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुहागन महिलाएं, सुख समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ चौथ माता की पूजा अर्चना कर रही है। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा हैं। रात्रि में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के साथ महिलाएं अपना व्रत खोलेंगी। विभिन्न चौथ माता मंदिरों में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सवाईमाधोपुर जिले में स्थित चौथ का बरवाड़ा में चौथ माता के मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी है। वहीं रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। कोटा के बाजारों में खरीदारों की चहल–पहल नजर आ रही है। उधर भरतपुर में भी अखण्ड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

................

बारां और झालावाड़ में भी करवा चौथ पर्व पर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर आज कई स्थानों पर सामुहिक रूप से कथा सुनी और मंगल गीत गाये।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, मंगलवार को नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, जल प्रयोक्ता् संघ और सिविल सोसाइटी की श्रेणियां शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओडिशा ने पहला स्थान हासिल किया है। प्रत्येक विजेता को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ–साथ नकद पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार, जल प्रबंधन और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक अभियान चला रही है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए देशभर से ऐसे व्यक्तियों और

संगठनों को चुना जाता है जो सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य और प्रयास कर रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सिविल सेवकों को नई तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है ताकि वे बढ़ते मानकों को पूरा कर सकें। कल नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी इसमें मददगार साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ऐसे मानव संसाधन तैयार करना है जो देश के विकास की प्रेरक शक्ति बनेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान नई सीख और अनुभव, कार्य प्रणालियों को बेहतर बनाने में ताकत और मदद प्रदान करेंगे। इससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में की गई थी। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई थी।

000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिव्यांगजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बारां जिले में "सशक्त बारां, प्रगति को शक्ति" अभियान के तहत आज पंचायत समिति अटरू में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों दिव्यांग जनों ने भाग लेकर योजनाओ का लाभ प्राप्त किया। इसी तरह बाड़मेर ज़िला प्रशासन की ओर से भी ज़िलेभर में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

000

धौलपुर जिले में बाड़ी कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल रात एक सड़क दुर्घटना में 5 बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब एक स्लीपर बस और ऑटो–रिक्शा में टक्कर हो गई। सभी पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो–रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बस चालक और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे के शिकार लोगों की मृत्यु पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद करने में जुटा हुआ है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री मोदी ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सड़क हादसे में हुई जन हानि पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी धौलपुर सड़क हादसे पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

000

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कल नई दिल्ली में शहरी भू–रिकार्ड के लिए सर्वेक्षण–पुनः सर्वेक्षण में आधुनिक प्रौद्योगिकियों के बारे में एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन करेंगे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शहरी भू–रिकार्ड आधुनिकीकरण में वैश्विक सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों को प्रदर्शित करना, अनुकूल तकनीकी समाधान प्रस्तुत करना और चुनिंदा शहरी क्षेत्रों के लिए प्रायोगिक परियोजना तैयार करना है। कार्यशाला में मानकीकरण के अभाव, डाटा सुरक्षा और हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण जैसी चुनौतियों पर भी विचार किया जाएगा। दो दिन की इस कार्यशाला का लक्ष्य केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राजस्व और शहरी विकास सचिवों, अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों तथा प्रौद्योगिकी प्रदाताओं सहित संबंधित हितधारकों को एक मंच पर लाना है।

000

केन्द्र सरकार द्वारा पाली, प्राकृत, मराठी, असमिया और बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिये जाने पर इन भाषाओं के चयनित विद्वानों ने सरकार का आभार प्रकट किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करने वाले पांच लोगों में प्राकृत भाषा की ओर से जयपुर के प्रोफेसर धर्मचंद जैन भी शामिल थे। श्री जैन ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर प्राकृत भाषा का देशभर में प्रचार – प्रसार करने, महत्व स्थापित करने, इसमें निहित भारतीय ज्ञान परंपरा को उजागर करने, जन–जन में इस भाषा को सीखने की भावना पैदा करने के बारे में चर्चा की और इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

000

दीपावली से ठीक पहले केंद्र सरकार ने किसानों के लाभ के लिए बडा फैसला लेते हुए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। केन्द्रीय कैबिनेट के इस फैसले से शाहपुरा जिले के किसानों ने खुशी व्यक्त की है। किसान उदयलाल सिरोठा और द्वारका प्रसाद ने किसान हितैषी निर्णय को लेकर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन में तेज गर्मी और सुबह शाम हल्की सर्दी का असर देखा जा रहा है। आज दौसा जिले में दोपहर बाद कई स्थानों पर बारिश हुई और सिकराय क्षेत्र में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। जिले में रबी की बुवाई से पहले हुई बारिश से किसानों को लाभ होगा। श्रीगंगानगर में कई स्थानों पर हल्की बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। भरतपुर में भी सुबह से बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने से गर्मी से थोडी राहत मिली है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज धौलपुर, करौली और दौसा जिलों में कुछ स्थानों पर बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का पुर्वानुमान है। वहीं टोंक, भरतपुर, जयपुर, अजमेर, सीकर, अलवर, सवाईमाधोपुर, कोटा, जैसलमेर, बाड़मेर और जालोर जिलों में मेघ गर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती है।

000